भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
मौखिक प्रश्न सं. +*175
सोमवार, 14 मार्च, 2022/23 फाल्गुन, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन क्षेत्र का डिजिटीकरण**

+*175. **श्री प्रताप सिम्हाः**

**श्री तेजस्वी सूर्याः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र को डिजिटीकरण द्वारा सक्षम बनाने हेतु क्या उपाय किए गए हैं;

(ख) क्या सरकार ने लोकप्रिय भारतीय गंतव्य स्थलों के वर्चुअल टूर के लिए वर्चुअल रियलिटी की प्रौद्योगिकियों का लाभ लेने हेतु उपाय किए हैं;

(ग) क्या सरकार को पर्यटन क्षेत्र की स्थिति के संबंध में इसके जल्द ही किसी भी समय सामान्य होने की आशा है और यदि हां, तो अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को अनुमति दिए जाने तथा ट्रैवल वीज़ा पुनः आरंभ करने की समय-सीमा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने देश के भीतर ही की जाने वाली यात्राओं को बढ़ाने हेतु उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

पर्यटन क्षेत्र का डिजिटीकरण के संबंध में दिनांक 14.03.2022 के लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. +*175 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख) : पर्यटन क्षेत्र में डिजिटलीकरण को संभव बनाने के लिए सरकार द्वारा निम्नलिखित उपाय किए गए हैं :

(i) पर्यटक गंतव्य के रूप में भारत के बारे में जानकारी देने के लिए बहुभाषी अतुल्य भारत वेबसाइट तथा मोबाइल एप । वेबसाइट में गंतव्यों के 360 डिग्री वर्चुअल टूर भी हैं ।

(ii) मंत्रालय द्वारा आवास इकाइयों के वर्गीकरण और यात्रा व्यापार सेवा प्रदाताओं की मान्यता प्रक्रिया को डिजिटलीकृत कर दिया गया है ।

(iii) ऑनलाइन शिक्षण के लिए अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता (आईआईटीएफ) प्रमाणन कार्यक्रम ।

(iv) अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाताओं/अतुल्य भारत पर्यटक गाइडों के लिए ई-मार्केटप्लेस ।

(v) आतिथ्य उद्योग तथा अन्य पर्यटन सेवाप्रदाताओं से प्राप्त डाटा के एक साझे संग्रह के रूप में नेशनल इंटीग्रेटेड डाटावेस ऑफ हॉसपिटैलिटी इंडस्ट्री (एनआईडीएचआई) ।

(vi) इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय राष्ट्रीय डिजिटल पर्यटन मिशन की स्थापना हेतु कार्यरत है। इस मिशन में राष्ट्रीय एवं राज्य पर्यटन संगठनों, पर्यटन सेवाप्रदाताओं, पर्यटन गंतव्यों, उत्पादों, अनुभवों तथा पर्यटकों के रूप में फैली पर्यटन क्षेत्र की सूचना एवं सेवाओं के आदान-प्रदान को सुगम बनाकर पर्यटन क्षेत्र में डिजिटलीकरण की पूर्ण क्षमता के उपयोग के उद्देश्य को पूरा करने की परिकल्पना की गई है ।

(ग) : दिनांक 15 नवम्बर, 2021 से पर्यटन के प्रयोजन से भारत की यात्रा करने के इच्छुक सभी व्यक्तिगत विदेशी नागरिकों के लिए ई-पर्यटक वीजा/पर्यटक वीजा को पूर्णत: बहाल कर दिया गया है।

नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार ने 27 मार्च 2022 से अर्थात् ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम, 2022 के प्रारंभ से भारत आने/से जाने के लिए अधिसूचित वाणिज्यिक अंतर्राष्ट्रीय यात्री सेवाओं को बहाल करने की घोषणा की है ।

(घ) : देश में इनबाउंड यात्रा में वृद्धि के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए हैं :

(i) भारत सरकार ने इनबाउंड यात्रा में वृद्धि के लिए पहले 500,000 अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए नि:शुल्क वीजा की घोषणा की है ।

(ii) पर्यटन मंत्रालय इनबाउंड यात्रा में वृद्धि के लिए विदेशों में स्थित अपने 8 भारत पर्यटन कार्यालयों के माध्यम से वरीयता प्राप्त पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन करता है ।

(iii) इसके अतिरिक्त विदेश मंत्रालय ने शीर्षस्थ 20 स्रोत बाजारों के भारतीय मिशनों में पर्यटन अधिकारी नामित किए हैं ।

(iv) पर्यटन मंत्रालय इनबाउंड यात्रा के संवर्धन के लिए भारतीय मिशनों के साथ सोझेदारी में देश विशिष्ट योजनाएं तैयार कर रहा है ।

(v) पर्यटन मंत्रालय इनबाउंड यात्रा के संवर्धन के लिए 'अतुल्य भारत' ब्रांडलाइन के अंतर्गत विदेशों में महत्वपूर्ण और संभावित बाजारों में वैश्विक ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है ।

(vi) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से डिजिटल संवर्धन कार्य भी नियमित रूप से किया जाता है ।

(vii) पर्यटन मंत्रालय ने इनबाउंड यात्रियों की सहायता के लिए 12 भाषाओं में 24X7 टोल फ्री इन्फोलाइन की शुरूआत की है ।

*****